SUCCESS KEY TEST SERIES

Unit Test-1

Std: VIII (E.M) | **Subject: Hindi** | **Time: 2Hrs**

Date : | **1.1 to 1.4** | **Max Marks: 40**

विभाग 1 : गद्य

Q.1 निम्नलिखित परिच्छेद के आधार पर सूचना के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए : 8

1. आकृती पूर्ण कीजिए: (2)



यह उसकी भयंकर पाशवी वृत्ति के जीवंत प्रतिक है | मनुष्य की पशुता को जितनी बार भी काट दो , वह मरना नहीं जानती |

अगर आदमी अपने शरीर की, मन की और वाक की अनायास घटने वाली वृत्तियों के विषय में विचार करे तो उसे अपनी वास्तविक प्रवृत्ति पहचानने में बहुत सहायता मिले | मनुष्य की नख बढ़ा लेने की जो सहजात वृत्ति है , वह उसके पशुता का प्रमाण है | उन्हें काटने की जो प्रवृत्ति है , वह उसकी मनुष्यता की निशानी है |

मेरा मन पूछता है – मनुष्य किस ओर बढ़ रहा है ? पशुता की ओर या मनुष्यता की ओर ? अस्त्र बढ़ाने की ओर या अस्त्र काटने की ओर ? मेरी निर्बोध बालिका ने मानो मनुष्य जाति से ही प्रश्न किया है – जानते हो , नाखून क्यों बढ़ते हैं ? यह हमारी पशुता के अवशेष हैं | मैं भी पूछता हूँ – जानते हो , यह अस्त्र-शस्त्र क्यों बढ़ रहे हैं ? यह हमारी पशुता की निशानी है | स्वराज होने के बाद स्वभावतः ही हमारे नेता और विचारशील नागरिक सोचने लगे है कि इस देश को सच्चे अर्थ में सुखी कैसे बनाया जाये | हमारी परंपरा महिमामयी और संस्कार उज्वल है क्योंकि अपने आप पर , अपने आप द्वारा लगाया हुआ बंधन हमारी संस्कृति की बहुत बड़ी विशेषता है |

2. सही विकल्प चुनकर वाक्य को पूरा करे : (2)

1. मनुष्य की कौनसी चीज़ कभी नहीं मरती ?
2. हमारी संस्कृति की बहुत बड़ी विशेषता क्या है ?
3. नख बढ़ाने की वृत्ति किस चीज़ का प्रमाण है ?
4. क्या महिमामयी और संस्कार उज्वल है ?

3. A. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए : (1)

1. विशेषता 2. सहायता 3. मनुष्य 4. पविचार

B. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए: (1)

1. मरना 2. बंधन 3. बढ़ना 4. प्रश्न

4. देश के नागरिक होने के नाते हमारा क्या कर्तव्य है ? (2)

विभाग 2 : पद्य

Q.2 निम्नलिखित पद्यांश पढ कर सूचना के अनुसार कृतियां कीजिए : 6

1. आकृती पूर्ण कीजिए : (2)



इधर शहर में सारा आलम
आँख खुली बस दौड़ रहा |
वहाँ रेडियो पर स्टेशन
रामदीन है जोह रहा |
उनकी बात सुनी है जबसे
दिल करता है धुकुर-पुकुर |
सुरसतिया के दोनों लड़के
सूरत गए कमाने |
गेहूँ के खेतों में लेकिन
गिल्ली लगीं घमाने |
लंगड़ाकर चलती है गैया
सड़कों ने खा डाले खुर |
दीदी फाड़े शहर देखता
गाँव देखता टुकुर-टुकुर|

2. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : (2)

1. सुरसतिया के दो लड़के __ गए |(सूरत, गाँव, शहर)
2. गेहूँ के खेतों में ___ खेली जा रही है |(गिल्ली, लूडो, हॉकी)
3. ___ आँखे फाड़कर देखता है |(गाँव, शहर, इंसान)
4. __ का आलम दौड़ खाने को आता है |(शहर, गाँव, जंगल)

3. निम्नलिखित काव्य पंक्तियों का सरल भावार्थ लिखिए : (2)

इधर शहर में सारा आलम
आँख खुली बस दौड़ रहा |

विभाग 3 – भाषा अध्ययन (व्याकरण)

Q.3 **सूचनाओके अनुसार कृतिया कीजिये .** **2**

1)अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :

(i) आज्ञा का पालन करने वाला

(ii) जिसे देखकर भय लगे

(2) **निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा पहचानिए :** **2**

(i) भीड़ में चलना मुश्किल हो गया |(समुदायवाचक)

(ii) तुम ही मेरे राज्य की सच्ची उत्तराधिकारी हो |(जातिवाचक)

(3) **निम्नलिखित वाक्यों के काल लिखिए :** **2**

(i) काफी साहस करके दरवाज़े पर लगी घंटी बजाई |

(ii) उनके काँपते ओठों पर यही शब्द थे “अब क्या होगा ?

(4) **निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए :** **2**

(i) हार ii) बुढ़ापा

(5) **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए :** **2**

(i) अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना

(ii) रँगे हाथ पकड़ना

Q.4

विभाग 4 – उपयोजित लेखन

(1) **पत्र लिखन:** **5**

निम्नलिखित जानकारी का उपयोग करे:



(2) **निम्नलिखित शब्दों के आधार पर कहानी लिखिए तथा कहानी से प्राप्त सीख का उल्लेख करते हुए कहानी को उचिर शीर्षक भी दीजिए :** **5**

बहेलिया - जंगल - चींटी - नदी – पंछी |

(3) **निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **6**

(i) जनसंख्या की समस्या

(ii) भारत में बाल-श्रम

(iii) संस्कृति और सभ्यता

-------- All the Best --------